

Patna University In News (12.10.2022)

एलएलबी, एलएलएम, एमएड में प्रवेश को पांच व छह नवंबर को एंट्रेंस

पटना. पटना यूनिवर्सिटी में विभिन्न वोकेशनल कोर्स में एडमिशन के लिए पांच व छह नवंबर को एंट्रेंस टेस्ट होगा. एंट्रेंस टेस्ट एलएलबी, एलएलएम, एमएड सहित एक दर्जन से अधिक पीजी स्तरीय वोकेशनल कोर्स के लिए आयोजित होगा. एलएलबी में सौ सीटों के लिए दो हजार से अधिक स्टूडेंट्स ने आवेदन किया है. वहीं, एलएलएम में भी अभ्यर्थियों की संख्या काफी है. एमएड के लिए भी पांच सौ से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है. पीएमआइआर, सेफ्टी मैनेजमेंट और रूरल मैनेजमेंट में भी बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं. इन सभी कोर्स में एडमिशन के लिए आयोजित होने वाले एंट्रेंस टेस्ट में 10 हजार से अधिक स्टूडेंट्स शामिल होंगे.

प्रभात खबर Wed, 12 https://

दैनिक भास्कर

पीयू • छात्र सामान्य पीजी कोर्स में नामांकन नहीं ले पा रहे

3 माह में सेमेस्टर पूरा करने के बाद भी सत्र चल रहा लेट

अमित कुमार | पटना

पटना विश्वविद्यालय में स्नातक वोकेशनल कोर्स के छात्र-छात्राओं का कभी एक साल में एक सेमेस्टर पूरा हुआ तो कभी तीन महीने में फिर भी सत्र लेट चल रहा है। सत्र लेट होने से ये छात्र खासे परेशान हैं। ये न अपने विवि के सामान्य पीजी कोर्स में नामांकन ले सके और न ही दूसरे किसी विवि में। दोनों ही जगह ये नामांकन लेने से वंचित रह गए। पटना विश्वविद्यालय में पीजी वोकेशनल कोर्स में इसी वजह से नामांकन प्रक्रिया रोके रखा गया है ताकि इन छात्रों को कम से कम वोकेशनल कोर्स में नामांकन का मौका मिल जाये। लेकिन जो हालात हैं उसको देखते हुए इस प्रक्रिया में भी काफी देरी होने के आसार हैं क्योंकि स्नातक वोकेशनल कोर्स के छात्र अब तक पास आउट नहीं हुए हैं, उसके अंतिम सेमेस्टर की अभी पढ़ाई ही चल ही है और परीक्षा तक नहीं हुई है। परीक्षा नवंबर में होने की बात कही जा रही है। हालांकि विवि प्रशासन के द्वारा तिथि की घोषणा अभी नहीं की गयी है।

दूसरा सेमेस्टर एक साल में हुआ पूरा

स्नातक वोकेशनल कोर्स सत्र 2019-22 का पहला सेमेस्टर जनवरी 2020 में हुआ। इसके बाद दूसरा सेमेस्टर सीधा एक साल बाद जनवरी 2021 में हुआ। फिर तीसरा सेमेस्टर आठ महीने के बाद सितंबर 2021 में हुआ। इसके बाद चौथा सेमेस्टर सात महीने के बाद अप्रैल 2022 में हुआ। पांचवां सेमेस्टर सिर्फ तीन महीने के बाद अगस्त 2022 में हो गया। अब सिर्फ दो महीने के बाद नवंबर में ही परीक्षा कराने की बात कही जा रही है। वहीं सत्र 2020-23, सत्र 2021-24 भी अपने समय से पीछे ही चल रहा है।

सीबीसीएस वोकेशनल कोर्स में 2019 में हुई लागू

स्नातक जनरल कोर्स में च्वॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) इसी सत्र 2022-25 से लागू हुआ है लेकिन स्नातक वोकेशनल कोर्स में सीबीसीएस सत्र 2019-22 में ही लागू हुआ था। शुरू में यह ठीक चला लेकिन इसी बीच कोरोना ने दस्तक दिया और सेमेस्टर पहले लेट हुआ और अब देर ही चल रहा है।

अभी स्नातक वोकेशनल कोर्स के थर्ड और फिफ्थ सेमेस्टर का रिजल्ट जारी करने को लेकर तेजी से प्रयास चल रही हैं। इसके तुरंत बाद फोर्थ और सिक्थ सेमेस्टर की परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया जायेगा। एक सप्ताह के बाद इसकी घोषणा कर दी जायेगी। विवि का प्रयास है कि दिसंबर या उससे थोड़ा पहले ही सके तो परीक्षा करा ली जाये।

-प्रो आरके मंडल, परीक्षा नियंत्रक, पटना विश्वविद्यालय



Patna University In News (12.10.2022)

दैनिक भास्कर

11 विवि और 17 कॉलेजों में लगेंगे इंटरेक्टिव पैनल डिस्प्ले

स्टूडेंट को पढ़ाई में मिलेगी सुविधा, बीएसईआईडीसी की ओर से इंटरेक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले की आपूर्ति शुरू

पॉलिटिकल रिपोर्टर | पटना

राज्य के 11 विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में 5-5 इंटरैक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले लगेंगे। इससे विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में स्मार्ट क्लास संचालन में सुविधा होगी। स्टूडेंट को गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई की सुविधा देने के लिए यह व्यवस्था की गई है। इस मामले पर शिक्षा विभाग के सचिव सह बीएसईआईडीसी के एमडी असंगबा चुबा आओ ने संबंधित विश्वविद्यालयों के कुलपति और प्राचार्य को पत्र भेजा है।

इंटरैक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले लगाने के लिए संबंधित विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के पदाधिकारी व कर्मी को एक दिन का प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। डीएसईआईडीसी द्वारा सभी विवि और कॉलेजों में इंटरैक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले की आपूर्ति की जाने लगी है।

इन विश्वविद्यालयों व कॉलेजों में लगेंगे पैनल डिस्प्ले

पटना विवि, मगध विवि, बीआरए बिहार विवि, वीर कुंवर सिंह विवि, जेपी विवि, बीएन मंडल विवि, टीएमबीयू, एल एन मिथिला विवि, पाटलिपुत्र विवि, मुंगेर विवि व पूर्णिया विवि। पटना वीमेंस कॉलेज, एएन कॉलेज पटना, सीएम साइंस कॉलेज दरभंगा, कॉलेज ऑफ कॉमर्स पटना, मारवाड़ी कॉलेज भागलपुर, एसएम कॉलेज भागलपुर,

एचडी जैन कॉलेज आरा, जगजीवन कॉलेज आरा, लक्ष्मी नारायण दुबे कॉलेज मोतिहारी, मगध महिला कॉलेज पटना, महाराज लक्ष्मेश्वर सिंह मेमोरियल कॉलेज दरभंगा, महिला शिल्प कला भवन कॉलेज मुजफ्फरपुर, नालंदा कॉलेज, सबौर कॉलेज भागलपुर, शेरशाह कॉलेज सासाराम, अरविंद महिला कॉलेज पटना और श्री नारायण सिंह कॉलेज मोतिहारी।

शिक्षकों व विद्यार्थियों को इंटरैक्टिव क्लास में सुविधा मिलेगी। यह प्रोजेक्टर से अधिक एडवांस तकनीक है।